40 फीसद से अधिक अक्षमता पर रीडर-स्क्राइब की सुविधा

प्रभात उपाध्याय • नोएडा

जेईई मेन

- अभ्यर्थी को साथ ले जाना होगा पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट
- दो, आठ और नौ अप्रैल को देशभर में होगी परीक्षा

महत्वपूर्ण तिथियां

- पेन-पेपर बेस्ड परीक्षा- दो अप्रैल
- ऑनलाइन परीक्षा- आठ और नौ अप्रैल
- आंसर की जारी होने की तिथि- अप्रैल का तीसरा सप्ताह

आइआइटी, एनआइटी और देश के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित जेईई-मेन में इस बार 40 फीसद या उससे अधिक अक्षमता वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही रीडर-स्क्राइब की सुविधा मिलेगी। प्रवेश परीक्षा दो, आठ और नौ अप्रैल को देशभर में होगी।

सीबीएसई के अनुसार जो दिव्यांग अभ्यर्थी रीडर या स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं उन्हें केंद्र अधीक्षक से संपर्क करना होगा। इन सुविधाओं के लिए अभ्यर्थी को परीक्षा के दिन पर्सन्स विद डिसएबिलिटी (पीएडब्ल्यूडी) सर्टिफिकेट साथ में ले जाना होगा। केंद्र पर इस सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। सीबीएसई ने सर्टिफिकेट का एक प्रारूप भी अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। रीडर-स्क्राइब के अलावा 40 फीसद या उससे अधिक अक्षमता वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा में एक घंटे का अतिरिक्त समय भी मिलेगा।

ढाई घंटे पहले पहुंचें परीक्षा केंद्र पर : इस बार अभ्यर्थियों को ढाई घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। सीबीएसई ने अव्यवस्था से बचने के लिए अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया है। परीक्षा शुरू होने से पूर्व केंद्र पर अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन होगा और प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थियों की भी बारीकी से जांच होगी। परीक्षा शुरू होने से पांच मिनट पहले रजिस्ट्रेशन डेस्क बंद कर दिया जाएगा। उसके बाद न तो किसी अभ्यर्थी का रजिस्ट्रेशन होगा और न ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

सिर्फ एडमिट कार्ड व पहचान पत्र ले जाने की इजाजत : जेईई-मेन में अभ्यर्थी सिर्फ एडमिट कार्ड और पहचान पत्र अपने साथ ले जा सकेंगे। सीबीएसई परीक्षा कक्ष में ही अभ्यर्थियों को पेन उपलब्ध कराएगा। घड़ी, पानी का बोतल, कैलकुलेटर, लॉग टेबल या कोई पेपर इत्यादि परीक्षा कक्ष में ले जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। इसको ध्यान में रखते हुए जाना होगा।

तंबाकू रोजाना लील रहा साढ़े तीन हजार जिंदगी

आइसीपीआर-एम्स व वाइस ऑफ टोबैको- 2017 की ताजा रिपोर्ट

जागरण विशेष

धर्मेन्द्र मिश्रा • नोएडा

यदि लोग सभी प्रकार के तंबाकू का सेवन छोड़ दें तो कैंसर का खतरा 60 फीसद तक कम हो जाता है। बशर्ते इसके खतरे के प्रति लोगों को जागरूक होना जरूरी है।

प्रो. डॉ. जीके रथ, चीफ ऑफ डॉ. बीआरए इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर हॉस्पिटल (एम्स)

जागरूकता कम होने के कारण लोग जल्दी डॉक्टर के पास जांच कराने नहीं जाते। इसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। जितना जल्द यह पकड़ में आएगा, उतना ही मौत के खतरे को टाला जा सकता है। **डॉ. रवि मेहरोत्रा**, निदेशक, एनआइसीपीआर, नोएडा

तंबाकू से होने वाली कुल मौतों में से बीड़ी-सिगरेट के इस्तेमाल से करीब 70 फीसद व एसएलटी के इस्तेमाल से 30 फीसद मौतें होती हैं। तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल सीधे तौर पर मौत को दावत देना है।

डॉ. प्रकाश सी गुप्ता, चीफ (वीओटी)

देश में तंबाकू के कारण होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (एनआइसीपीआर), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और वाइस ऑफ टोबैको द्वारा जारी 2017 की ताजा रिपोर्ट के अनुसार रोजाना साढ़े तीन हजार लोग तंबाकू से होने वाले कैंसर के कारण मौत के मुंह में समा रहे हैं। यानि तंबाकू प्रति सेकेंड दो से अधिक लोगों की जिंदगी छीन रहा है। इसमें स्मोकलेस टोबैको (एसएलटी या चबाने वाला तंबाकू का इस्तेमाल करने वाले) और धूमपान करने वाले लोग शामिल हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार लोग तंबाकू से होने वाले खतरे को लेकर पूरी तरह जागरूक नहीं हो रहे हैं। तंबाकू से तौबा कर लिया जाए तो कैंसर का खतरा 60 फीसद तक कम किया जा सकता है। वर्ष 2017 से पहले रोजाना तंबाकू से होने वाली मौतों का आंकड़ा 2700 था।

भारत में साढ़े 27 करोड़ तंबाकू उपभोक्ता : पूरे देश में तंबाकू उपभोक्ताओं की संख्या साढ़े सत्ताइस करोड़ है। इनमें से 10 करोड़ धूमपान (बीड़ी-सिगरेट) वाले, ढाई करोड़ लोग एसएलटी (चबाने वाला तंबाकू) इस्तेमाल करने वाले और 15 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो दोनों तरह के तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। भारत में प्रति लाख 120 लोग व अमेरिका में 480 कैंसर रोगी हैं। इस हिसाब से हमारे देश में कैंसर पीड़ितों की संख्या महज एक चौथाई है।

तंबाकू से होते हैं करीब 27 प्रकार के कैंसर : तंबाकू का इस्तेमाल करने वाले लोगों में वैसे तो करीब 27 प्रकार के कैंसर होने की संभावना होती है, लेकिन इसका ज्यादा असर हृदय, ब्रेन, फेफड़ा व मुंह पर होता है।

स्ट्रोक का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इसके अलावा आहार नाल, गर्भाशय के मुंह, किडनी, ब्रेस्ट, गले, पेट, प्रोस्टेट, ओवरी इत्यादि का कैंसर व अन्य हैं।

टूटा रिकार्ड, बांदा में तापमान 43.6

जागरण संवाददाता, लखनऊ : प्रदेश ग्रीष्म लहर की चपेट में है। राजस्थान से आ रही शुष्क उत्तर पश्चिमी हवाएं मार्च के महीने में मई-जून सा अहसास करा रही हैं। गर्म हवाओं के चलते बांदा में तापमान सामान्य के मुकाबले सात डिग्री अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। बांदा के बाद इलाहाबाद 42.3, झांसी 41.6, वाराणसी 41.5, कानपुर 41.4 व हमीरपुर 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। यही नहीं राजधानी लखनऊ में भी बीते दस सालों का रिकार्ड टूट गया। इससे पहले वर्ष 2010 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ था जबकि गुरुवार को तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है।

निदेशक जेपी गुप्ता बताते हैं कि राजस्थान, अफगानिस्तान व पाकिस्तान की ओर से आ रही शुष्क उत्तर पश्चिमी हवाएं देश में तापमान बढ़ा रही हैं, लेकिन अच्छी बात यह है कि दो-तीन दिन के बाद हवाओं का रुख बदलेगा। इसके बाद बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आने वाली दक्षिण पूर्वी हवाएं मौसम का मिजाज बदलेंगी। नम हवाओं के प्रभाव से तापमान में कमी आएगी और लू का असर खत्म होगा। दूसरी ओर पश्चिमी विक्षोभ के चलते पंजाब, हरियाणा व दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है, जिससे तपिश कम होगी।

24x7 Helpline: 0171-3055222
Dr. Juneja's
ACCUMASS ®
वज़न बढ़ाए
आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

एकदूजे के लिए लकी साक्षी व सत्यव्रत अब होंगे साथ-साथ

Save the Date 02.04.2017

शादी को लेकर साक्षी व सत्यव्रत की ओर से फेसबुक पर की गई पोस्ट • जागरण

अरुण शर्मा, रोहतक

रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक और पहलवान सत्यव्रत कादियान एक-दूसरे के लिए कई बार लकी साबित हुए हैं। कई मौकों पर जब भी दोनों के मुकाबले एक ही दिन हुए तो मेडल इनकी झोली में जरूर आया है। फिलहाल साक्षी प्रो. रेसलिंग में दिल्ली की कप्तान हैं तो 15 बार के भारत केसरी सत्यव्रत भी टीम में खेल रहे हैं।

साक्षी व सत्यव्रत की शादी 2 अप्रैल को रोहतक के नांदल भवन में होनी है। शादी की तैयारियों की बात करें तो सत्यव्रत ने दिल्ली से कपड़ों की खरीदारी की है, जबकि साक्षी ने मशहूर फैशन डिजाइनर सब्यासाची से विशेष परिधान तैयार कराए हैं। साक्षी और सत्यव्रत शादी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह भी बता दें कि शादी समारोह में फौगाट बहनें हर पल साक्षी के साथ रहेंगी, जबकि उनकी चचेरी और ताऊ की बहनें रितु, सुनीता और मालू नीम झड़ाई की रस्म अदा करेंगी। अर्जुन अवार्डी पहलवान सत्यवान कादियान ही अपने बेटे सत्यव्रत के गुरु हैं।

खिलाड़ी पीवी सिंधु से अंबाला में बार दिन पहले ही मुलाकात हुई थी, उन्होंने आने की हामी भरी है और दीपा की ओर से भी आने की सूचना आ चुकी है। रेलमंत्री सुरेश प्रभु के कार्यालय से लोकेशन लेने के लिए फोन आया था। इसलिए उनका भी आना लगभग तय है। बेटी की शादी को लेकर पूरा परिवार बेहद उत्साहित है।

सुखबीर मलिक, साक्षी के पिता

मैंने शादी के लिए दिल्ली से कपड़ों की खरीदारी की है। फिलहाल शादी की तैयारियो मे व्यस्तता बढ़ी हुई है।

सत्यव्रत कादियान, साक्षी के होने वाले पति

मूल रूप से झज्जर के रहने वाले सत्यवान ने 2000 में अपना अखाड़ा बनाया था, जबकि इससे पहले वह दुकानों में अपना अखाड़ा चलाते थे। करीब दस साल पहले इन्होंने अखाड़े के लिए जमीन खरीदी। बेटे की शादी को लेकर उत्साहित सत्यवान कहते हैं कि जब तीसरी क्लास में सत्यव्रत पढ़ता था, उसी समय से कुश्ती सिखाना शुरू किया था। बेटे ने कभी मुझे निराश नहीं किया।

पेरिस में माघ मेले का प्रजेंटेशन

जासं, इलाहाबाद : करीब महीने भर तक संगमनगरी की रेती पर आबाद होने वाली तंबुओं की नगरी बीते दिनों फैशन की राजधानी पेरिस में भी कुछ पलों के लिए टेलीविजन स्क्रीन पर थी। माघ मेले को वहां पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए दिखाया गया। बताया गया कि किस तरह इस अस्थायी शहर में आस्थावान रहते हैं और क्या सुविधाएं दी जाती हैं उन्हें।

पेरिस स्थित भारतीय दूतावास में हुए टूरिज्म प्रमोशन कानक्लेव में अस्थायी शहर की बसावट, वहां दी जाने वाली सुविधाएं और लाखों श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने का प्रबंधन पावर प्वाइंट के जरिए दिखाया इलाहाबाद के जिलाधिकारी संजय कुमार ने। विदेशी टूर ऑपरेटर्स ने तल्लीनता के साथ यह प्रजेंटेशन देखा। एनआइसी ने 56 स्लाइड में यह प्रजेंटेशन तैयार किया है। इसमें कल्पवास, कल्पवासियों के निवास, बिजली, पानी, सड़क, सफाई आदि के अस्थायी इंतजाम से लेकर क्राउड मैनेजमेंट की जानकारी है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एई व जेई नशे में भिड़े

अपराध

- एक गाजियाबाद निवासी, हाईवे पर हंगामा व बालक को पीटा
- अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस, दोनों को थाने ले आई

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: मेरठ मंडल में तैनात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) ने बुधवार देर रात हाईवे पर नशेबाजी दिखाई। कार रुकवाकर आपस में भिड़ गए। तमाशा देख रहे बालक को धुन डाला और अपनी कार में डालने की कोशिश की। अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस दोनों को थाने ले आई।

गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर-4बी निवासी नागेंद्र मणि त्रिपाठी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सहायक अभियंता (एई) और बागपत के रमाला निवासी अंकित सिंह अवर अभियंता (जेई) हैं। बुधवार रात दोनों इलाहाबाद से स्विफ्ट डिजायर कार से गाजियाबाद लौट रहे थे। करीब 11 बजे रसूलपुर थाना क्षेत्र के आसफाबाद तिराहा के समीप चालक से कार रुकवा ली। दोनों में किसी बात पर मारपीट हो गई। इसी दौरान देवी जागरण से लौट रहा दस वर्षीय मुनेश कुशवाह निवासी आसफाबाद मारपीट देखने लगा। इस पर दोनों ने मुनेश की पिटाई कर दी और उसे कार की ओर खींचने लगे। कुछ दूर पर इनका तमाशा देख रहे बुजुर्ग के शोर मचाने पर दौड़े लोगों ने बालक को इनके चंगुल से छुड़ाया। पुलिस दोनों को थाने ले आई। इंस्पेक्टर डॉ. विनोद पायल का कहना है कि दोनों का मेडिकल कराने के बाद बालक की पिटाई में दोनों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है।

घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए रजिस्ट्रार कानूनगो

जासं, श्रावस्ती : गोरखपुर व लखनऊ की संयुक्त एंटी करप्शन टीम ने भिनगा तहसील परिसर में पांच हजार नकद घूस लेते हुए रजिस्ट्रार कानूनगो को धर दबोचा। टीम ने उन्हें भिनगा कोतवाली ले जाकर हवालात में कुछ देर रखा। शुक्रवार को उन्हें गोरखपुर ले जाकर अदालत में पेश किया जाएगा।

भिनगा नगर के नई बाजार निवासी किराना व्यापारी रजितराम गुप्त पुत्र गुरुप्रसाद से आवासीय जमीन को व्यवसायिक घोषित करने के लिए रजिस्ट्रार कानूनगो प्रदीप श्रीवास्तव ने 15 हजार रुपये घूस के रूप में मांगे थे। इसकी शिकायत रजितराम ने लखनऊ की एंटी करप्शन टीम से एक सप्ताह पूर्व की। गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे टीम ने भिनगा तहसील परिसर में जाल बिछाया। जैसे ही रजितराम ने घूस की पहली किस्त के रूप में पांच हजार रुपये रजिस्ट्रार कानूनगो को सौंपा, भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने उन्हें रंगेहाथ उन्हें दबोच लिया।

हल का फार्मूला ले महंत धर्मदास दिल्ली रवाना

संवादसूत्र, अयोध्या : रामजन्मभूमि के पक्षकार और निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत धर्मदास गुरुवार को दिल्ली रवाना हुए। वे दिल्ली पहुंच कर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर से मुलाकात के इच्छुक हैं। महंत धर्मदास की यह पहल इसी 21 तारीख को सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए सुझाव के मद्देनजर है। इस सुझाव में कहा गया था कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का हल आपसी सहमति से हो और जरूरत पड़ने पर आपसी सहमति बनाने के लिए कोर्ट भी मध्यस्थता करने को तैयार है।

दिल्ली रवाना होने से पूर्व मीडिया से मुखातिब महंत धर्मदास ने कहा, उनके पास आपसी सहमति का फार्मूला है। इस दावे के पीछे वे 22-23 दिसंबर, 1950 की तारीख का हवाला देते हैं, जब विवादित इमारत में रामलला के प्राकट्य का प्रसंग सामने आया। महंत धर्मदास के अनुसार, अयोध्या के टेढ़ीबाजार निवासी हाजी महबूब के पिता हाजी फेंकू ने सिटी मजिस्ट्रेट के यहां शिकायत की कि महंत अभिरामदास ने बाबरी मस्जिद में मूर्ति रख दी। ऐसे में मामले के मूल वादी एवं प्रतिवादी हाजी महबूब तथा अभिरामदास के शिष्य एवं उत्तराधिकारी की हैसियत से वे स्वयं हैं और आज हाजी महबूब और धर्मदास समझौते के लिए वार्ता को राजी हैं। महंत धर्मदास के साथ दिल्ली रवाना हुए निर्वाणी अनी के राष्ट्रीय महासचिव महंत गौरीशंकरदास के अनुसार इसमें कोई शक नहीं कि मंदिर-मस्जिद विवाद के मूल वादी- प्रतिवादी हाजी महबूब एवं महंत धर्मदास हैं और इस सच्चाई को यदि संज्ञान में लिया गया, तो इस मसले के हल की दिशा में चमत्कारिक परिणाम हासिल हो सकते हैं।

मस्जिद बनाने में हिंदू भी देंगे सहयोग: ामसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रमोदवन स्थित नायक मंदिर के महंत मनमहेशदास ने कहा, मस्जिद बनाने में हिंदू भी सहयोग करेगा पर मुस्लिमों को हिंदुओं की भावना का आदर करते हुए रामजन्मभूमि से दावा छोड़ना होगा।

राज्यपक्षी ने पश्चिम की आबोहवा से मुंह मोड़ा

हालात

- सूबे के कई जनपदों में सिफर तक सिमट गया आंकड़ा
- सारस गणना में मामला आया सामने

सारस का फाइल फोटो

जनपद	वर्ष 2014	वर्ष 2015	वर्ष 2016
गाजियाबाद	0	3	2
गौतमबुद्धनगर	93	104	106
हापुड़	30	30	42
मेरठ	32	52	51
बुलंदशहर	81	71	77

नोट : उपरोक्त आंकड़े वन विभाग की शीतकालीन गणना के अनुसार दिसंबर तक दिए गए हैं।

मनीष शर्मा • गाजियाबाद

प्रसंग कुछ यूं है कि महर्षि वाल्मीकि सुबह एक प्रणयरत सारस को देखते हैं तभी आखेटक तीर चलाकर जोड़े में से एक सारस की हत्या कर देता है। जोड़े का दूसरा सारस साथी के वियोग में प्राण त्याग देता है। यह देख कुपित वाल्मीकि आखेटक को श्राप देते हैं। यह रामायण का आरंभ है, जिसे याद कर सारस यानी क्रौंच की याद खुद-ब-खुद आनी तय है। मौजूदा हालात में देखें तो आखेटक तो चौतरफा हैं, लेकिन महर्षि नहीं। सूबे का राज्यपक्षी भी अस्तित्व के संकट से दो-चार है। पश्चिम उप्र की आबोहवा से तो मानों राजपक्षी रूठ ही गया।

वन विभाग साल में दो बार सूबे के राज्यपक्षी सारस की गणना कराता है। हाल ही में जारी हुई सारस गणना की शीतकालीन रिपोर्ट में सूबे के कई जिलों के हालात संतोषजनक नहीं दिखे। प्रदेश भर में जहां ग्रीष्मकालीन गणना के सापेक्ष 851 सारस शीतकालीन गणना में बढ़े हैं, लेकिन विभिन्न प्रभागों में इनकी मौजूदगी घटी है। छह महीने के अंतराल में आगरा में पांच, मथुरा में 23, अलीगढ़ में 146, गाजियाबाद में दो, गौतमबुद्धनगर में 18 सारसों की कमी दर्ज की गई, जबकि फीरोजाबाद में तीन, हाथरस में 7, मेरठ में 3, बुलंदशहर में 26, मुरादाबाद में एक, बरेली, हापुड़ में 6-6 की बढ़ोत्तरी।

राज्यपक्षी को पूरब रास आ रहा है। हालिया गणना के मुताबिक, मैनपुरी में सबसे ज्यादा 2476, रमाबाई नगर प्रभाग में 2341, एटा में 1385, शाहजहांपुर में में 1012, सिद्धार्थनगर में 481, बांदा में 358, बाराबंकी में 251, हरदोई में 471, उन्नाव में 401, रायबरेली में 431, कानपुर में 444 सारसों की मौजूदगी वन विभाग के दस्तावेजों में दर्ज हुई। ऊरई, झांसी व ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, सहारनपुर, पीलीभीत, आजमगढ़, मऊ, खीरी के अलावा काशी वन प्रभाग में सारस का कुनबा सिफर पर सिमट गया। वन विभाग की गणना के मुताबिक, आगरा, चित्रकूट, सुल्तानपुर, हापुड़, बदायूं जिले के अलावा अवध व कनियाघाट प्रभाग में राजपक्षी की संख्या 50 से कम दर्ज की गई, जबकि हाथरस, अंबेडकरनगर, संभल, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व नजीबाबाद में 30 सारस भी नहीं दिखे। इतना ही नहीं गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, रामपुर, कौशांबी इलाहाबाद व महोबा में यह आंकड़ा दहाई का अंक भी नहीं छू सका।

सारस : समाज से संस्कृति तक

विश्व की कुल आठ प्रजातियों में से चार भारत में पाई जाती हैं। पांचवीं साइबेरियन क्रेन भारत में विलुप्त हो चुकी है। इनका वितरण भारत के उत्तरी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी एवं पश्चिमी मैदानों में और नेपाल के कुछ तराई इलाकों में है। विशेषत: गंगीय प्रदेशों के मैदानी भाग इनके प्रिय आवासीय क्षेत्र हैं। इस शाकाहारी जीव का मुख्य निवास स्थान दलदली भूमि, बाढ़ वाले स्थान, तालाब, झील, परती जमीन और मुख्यत: धान के खेत आदि हैं। माना जाता है कि यह जीवनकाल में मात्र एक बार जोड़ा बनाता है। यदि किसी कारण से एक साथी की मृत्यु हो जाती है तो दूसरा खाना पीना बंद कर देता है।



गुमशुदा की तलाश

सागर शर्मा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का जिसका नाम : **सागर शर्मा**, पुत्र : **पी0एस0 शर्मा**, निवासी : **क्वाटर नं. 9/99, टाईप-I, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली**, उम्र : **19½ साल**, लम्बाई : **6 फीट**, चेहरा : **अंडाकार**, रंग : **गोरा**, शरीर : **मध्यम**, पहनावा : **काले रंग की पैन्ट, सफेद रंग की कमीज और ब्राउन रंग की जैकेट पहनी है**, जो दिनांक 03.02.2017 से अपने घर से अपने दोस्त के घर नोएडा जाने के लिए कहकर गया था, जो अभी तक वापस नहीं आया हैं और तभी से गुमशुदा /अपहृत है । इस सन्दर्भ में **DD. No. 22-B dated 12.02.2017** पुलिस थाना, मंदिर मार्ग, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा /अपहृत लड़के को तलाश करने की कोशिश की गई मगर कुछ पता नही चला । अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सुचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना मंदिर मार्ग, दिल्ली
फोन नं. 011-23364100, 23366730

DP/1436/NDD/17.

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-01, सैक्टर नालेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0
ई-मेल : authority@gnida.in वैबसाईट : www.greaternoidaauthority.in

पत्रांक : जीएम/अर्बन सर्विस/2017/1147 दिनांक : 28.03.2017

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

महाप्रबन्धक (अर्बन सर्विस), ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की ओर से यूपीएलसी से ई-बिड हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जीएम/अर्बन सर्विस/2017/1146 दिनांक 28.03.2017 के माध्यम से उल्लेखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा को दिनांक 07.04.2017 से दिनांक 18.04.2017 को सायं 05:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है तथा प्राप्त निविदायें दिनांक 20.04.2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greatemoidaauthoirty.in के निविदा लिंक पर उत्तर प्रदेश इलैक्ट्रॉनिक कारपोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट देखते रहें।

महाप्रबन्धक (अर्बन सर्विस)



गुमशुदा / अपहृत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः हरबंश लाल शुक्ला, पताः सी-74, फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, नेब सराय, नई दिल्ली। जो कि बताये गये पते से दिनांक 28.05.2011 गुम है। इस बाबत DD No. 29-B, दिनांक से 29.05.2011 से थाना मेहरोली, दिल्ली में दर्ज है। अनेक प्रयासों के बावजूद भी इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। गुम/अपहृत व्यक्ति का ब्योरा इस प्रकार है:

नामः हरबंश लाल शुक्ला, पताः सी-74, फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, नेब सराय, नई दिल्ली, चेहराः गोल, कदः 5'9'' फीट, उम्रः 94 वर्ष, रंगः साफ, पहनावाः सफेद कुर्ता, पयजामा और पैरो में भुरे रंग की चप्पल पहनी है। अगर इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो इसकी सूचना थाना मेहरोली, दिल्ली पर दें।

email: cic@cbi.gov.in
Fax: No.011-24368639
Ph. No.: 011-24368638, 24368641
DP/3927/SD/17.

थानाध्यक्ष
थाना मेहरोली, दिल्ली
फोन नं.: 011-26643200
26645050

सी.एस.आई.आर.-जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान IGIB
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
उत्तरी परिसर, माल रोड, दिल्ली-110007
दक्षिणी परिसर, मथुरा रोड, नई दिल्ली - 110025

सीएसआईआर-आईजीआईबी के पीएचडी कार्यक्रम-2017 में प्रवेश

दिल्ली स्थापित सीएसआईआर - जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर-आईजीआईबी) विविध पृष्ठभूमि के मजबूत प्रेरणा और अच्छी शैक्षिक उपलब्धता वाले उज्जवल युवा व्यक्तियों से जैविक विज्ञान पर केंद्रित अंत:विषय अनुसंधान क्षेत्रों में पीएच.डी. करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप सहित विज्ञापन की विस्तृत जानकारी **www.igib.res.in** पर देखी जा सकती है, एवं इसे रोजगार समाचार (अप्रैल 1, 2017 अंक) में भी प्रकाशित किया जाएगा।

आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि मई 31, 2017 है।



गुमशुदा की तलाश

पूजा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **पूजा पत्नी बब्लु** पता यादव का मकान, बन्टी शॉप के सामने, इजराईल कैम्प, रंगपुरी पहारी, नई दिल्ली, जो दिनांक 10.03.2017 को थाना क्षेत्र वसंत कुंज दक्षिण से अपनी बेटी के साथ लापता है। इस संदर्भ में **डी डी सं. 44ए दिनांक 10.03.2017** थाना वसंत कुंज दक्षिण, नई दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा महिला का ब्यौरा इस प्रकार है :

नाम : पूजा, **पति का नाम** : बब्लु, **उम्र** : 26 साल, **कद** : 4 फीट 9 इंच, **रंग** : साँवला, **शरीर** : पतला, **चेहरा** : गोल, **पहनावा** : जिसने काली रंग की सूट जिसमे प्रिंटेड फुल है और काली रंग की चुरीदार पजामी पहन रखी है। अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी / सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
DP/3925/SD/17

थानाध्यक्ष
थाना : वसन्त कुंज दक्षिण, नई दिल्ली
फोनः 011-26139360, 26139361



गांधी शिल्प बाज़ार

सम्पूर्ण देश के सिद्धहस्त एवं पुरस्कृत हस्तशिल्पियों द्वारा अपनी कला का जीवन्त प्रदर्शन एवं बिक्री

मुख्य आकर्षण

उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली इत्यादि प्रान्तों के प्रसिद्ध हैण्डीक्राफ्ट उत्पादों की हस्तशिल्पियों द्वारा सीधे बिक्री

प्रवेश नि:शुल्क

प्रदर्शनी
दिनांक 31 मार्च, 2017 तक

समय
प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे

प्रदर्शनी स्थल
यू0पी0 क्राफ्ट मार्ट, ए-161, सेक्टर-136, (निकट पंचशील इंटर कालेज), नोएडा

प्रायोजक :
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
मध्य क्षेत्र कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय,
भारत सरकार,
केन्द्रीय भवन, 7वां तल, सेक्टर-एच,
अलीगंज, लखनऊ
फोन : 91 522 2326703, 2324220

आयोजक :
उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
2, राणा प्रताप मार्ग, मोती महल, लखनऊ
मो0 : 09717911680, 08168113821

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
क.रा.बी.नि. मॉडल अस्पताल, सैक्टर-9 ए, गुरुग्राम (हरियाणा)-122001
(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित)
टेली/फैक्स : 0124-2255133 ई-मेल : ms-gurgaon.hr@esic.in

चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल गुरुग्राम द्वारा क.रा.बी. निगम अस्पताल गुरुग्राम हेतु **वर्ष 2017-18 के लिए दवाइयों, मरहम-पट्टियों, शल्य चिकित्सा संबंधी उपभोज्य वस्तुओं की स्थानीय खरीद हेतु स्थानीय केमिस्ट की सूचीबद्धता तथा निविदादाता हेतु निर्देशों के लिए ई-निविदा आमंत्रण** हेतु योग्य एवं अर्हताप्राप्त निविदादाताओं से ई-निविदा के माध्यम से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत ब्योरा क.रा.बी. निगम की वेबसाइट **https://esictenders.eproc.in, http://www.esic.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

चिकित्सा अधीक्षक

OFFICE OF THE DIRECTOR
RAJENDRA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
RANCHI - 834009, JHARKHAND

Re-Tender Notice No. RIMS/Estab.(3)/2288 Dated 29.03.17

NOTICE INVITING TENDER FOR (1) PROVIDING CONSULTANCY SERVICES FOR PREPARATION OF RECRUITMENT RULES, PROMOTIONAL ASPECTS, SERVICE RULES, ROLE AND RESPONSIBILITIES OF RIMS EMPLOYEES etc. & (2) PROVIDING CONSULTANCY SERVICES FOR ENHANCEMENT OF - HEALTH, HYGIENE, CLEANLINESS & BIOMEDICAL WASTE SERVICES etc. AT RIMS, RANCHI.

Due to single participation of bidder the previous notice no. estab. (3) 6640 dated 11.05.2016 & no. 6641 dated 11.05.2016 is being cancelled and re-tender is invited in two bid system (Technical bid & Price Bid) through speed post / registered post only (tender will not be accepted by any other means of by hand) for two types of work - (1) Providing Consultancy Services for formulation of recruitment rules, service rules, role and responsibilities of rims employees according to their post, regularization of service book, promotional aspects/rules etc. & (2) Providing consultancy services for enhancement of - health, hygiene, cleanliness & biomedical waste services with assessment issues and challenges to meet optimal utilization of these services at RIMS, Ranchi.

A	Important dates for Tenders	
	Date of uploading of sample tender paper on RIMS website **www.rimsranchi.org** for attending pre-bid meeting	On 12.04.2017
2.	Pre bid meeting for discussion on various technical issues (Note- If the pre-bid discussion not completed on the very first day then discussion will be continued on the very next day at the same time and venue).	On 21.04.2017 at 12:30 P.M at RIMS Administrative Conference Hall. All the intending bidders must attend the pre-bid discussion meeting for clarification of their queries & requirements of RIMS. No claims will be considered after finalization of tender paper. The intended bidders have to arrange their representation or suggestions through LCD projector to the committee. Hence they have to participate with their soft copy/pen drive also.
3.	Date of issue of final tender documents (after pre-bid meeting) (Note-The agencies may participate either in one tender or if interested and having experience for both works, they may participate for both but they have to purchase and submit separate bids for each wrok).	From: 02.05.2017 to 23.05.2017 (The intended bidders may purchase tender document on any working day upon payment in cash to the RIMS Cashier or those who want to bid by downloading the tender document, they have to submit separate demand drafts in favour of Director, RIMS, Ranchi for Rs 5,000/- for each tender paper with their technical bid. Tender Document fee :- 1.for Human Resource, RR, Consultancy services - Rs. 5,000.00 2.for Enhancement of Health hygiene services etc.- Rs. 5,000.00
4.	Last date of submission of sealed tender documents (Only by speed post/ Registered post)	On 25.05.2017 till office hours.
5.	Opening of technical bid & discussion on technical issues.	On 26.05.2017 at 12:30 P.M in RIMS administrative conference hall, in front of purchase committee. All the bidders or their duly authorized representative must represent the tender opening for discussion & queries of purchase committee.

Note :
1. For details of tender terms, conditions & requirements please visit RIMS website : **www.rimsranchi.org** from 12.04.2017 for sample tender paper to attend the pre-bid meeting.
2. Final Tender paper will be uploaded on 02.05.2017 after pre bid meeting. All the bidders have to submit their tenders as per final tender paper (Not as per sample tender paper).
3. Before participating the meetings the bidders may physically visit the site and they may discuss with the concerned H.O.Ds / Officer In-charge, RIMS, Ranchi regarding requirements or queries.

Sd/- Director
Rajendra Institute of Medical Sciences, Ranchi.